# Daily Current Affairs

Date : 18 July, 2025

UTKARSH CLASSES | CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार 2024-25 में राजस्थान का प्रदर्शन |
| 2. | सहकार और रोजगार उत्सव - 2025 |
| 3. | रणथंभौर टाइगर रिज़र्व |
| 4. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स (राजस्थान)<br>1. राष्ट्रीय कृषि वैज्ञानिक पुरस्कार 2025 |
| 5. | स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार 2024-25 |
| 6. | संचार उपग्रह ड्रोर-1 (Dror-1) |
| 7. | आकाश प्राइम मिसाइल |
| 8. | पृथ्वी-2 और अग्नि-1 मिसाइलें |
| 9. | विश्व अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस 2025 |
| 10. | संजय कौल |
| 11. | चर्चा में रहा देश - एस्वातिनी |
| 12. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. दक्षिण एशिया का रिकॉर्ड टीकाकरण कवरेज : यूनिसेफ<br>2. मितामा मास्तूरी महोत्सव |





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## राजस्थान परिदृश्य

### स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार 2024-25 में राजस्थान का प्रदर्शन

**➲ चर्चा में क्यों?**

- **17 जुलाई, 2025 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित स्वच्छ भारत मिशन 2.0 पुरस्कार वितरण समारोह में डूंगरपुर को "सुपर स्वच्छता लीग" और जयपुर को "प्रोमिसिंग स्वच्छ शहर" के पुरस्कार से राष्ट्रीय मंच पर सम्मानित किया गया।**





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**➲ मुख्य बिंदु :**

- पहली बार राजस्थान के तीन शहर उदयपुर, जयपुर ग्रेटर और जयपुर हेरिटेज शीर्ष 20 स्वच्छ शहरों में शामिल हुए हैं, जिसमें जयपुर ग्रेटर को 16वीं और जयपुर हेरिटेज को 20वीं रैंक प्रदान की गई।
  - पिछले साल की तुलना में इस बार दोनों निगमों ने 151वां रैंक की उछाल मारी है। पिछले साल हेरिटेज निगम की 171वीं और ग्रेटर की 173वीं रैंक आई थी।
  - राजधानी के दोनों नगर निगम को यह सम्मान 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों की श्रेणी में प्रदान किया गया।
  - जयपुर ग्रेटर की वाटर प्लस में भी सर्टिफिकेट प्रदान किया गया है।
- राजस्थान के 12 शहर उदयपुर, जयपुर ग्रेटर और जयपुर हेरिटेज, बीकानेर, भीलवाड़ा, अलवर, जोधपुर नोर्थ और साउथ, कोटा नोर्थ और साउथ, अजमेर और सीकर देश के शिर्ष 100 स्वच्छ शहरों में शामिल हुए हैं।
- राजस्थान के चार शहरों उदयपुर, राजाखेड़ा, जयपुर ग्रेटर और हेरिटेज को जीएफसी (कचरा मुक्त शहर) थ्री स्टार रेटिंग भी मिली है।
- अमृत योजना के अंतर्गत ढेलावास, जयपुर एसटीपी को शहरी मिनिस्टीरियल कॉन्फ्रेंस के तहत बेस्ट प्रैक्टिस चुना गया है।
- इसी के साथ ही राजस्थान में ओडीएफ शहरों की संख्या 17 से बढ़कर 38 यानी लगभग दोगुनी से ज़्यादा हो गई है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **3 लाख से 10 लाख की आबादी वाले शहर :**

| शहर | रैंक |
|---|---|
| उदयपुर | 13वीं |
| बीकानेर | 48वीं |
| जोधपुर नॉर्थ | 56वीं |
| जोधपुर साउथ | 63वीं |

- **"सुपर स्वच्छता लीग" से सम्मानित : डूँगरपुर, यह पुरस्कार उन शहरों को दिया जाता है जो गत तीन वर्षों में कम से कम एक बार टॉप तीन में रहे हैं और मौजूदा वर्ष में अपनी श्रेणी के शीर्ष दो सौ शहरों में स्थान बनाये हुए हैं।**

- **"प्रोमिसिंग स्वच्छ शहर" से सम्मानित : जयपुर ग्रेटर, यह पुरस्कार जयपुर ग्रेटर नगर निगम की महापौर श्रीमती सौम्या गुर्जर ने ग्रहण किया।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# सहकार और रोजगार उत्सव - 2025

## ➲ चर्चा में क्यों?

- 17 जुलाई, 2025 को जयपुर जिले के दादिया ग्राम में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अवसर पर सहकार एवं रोजगार उत्सव का आयोजन किया गया।



➲ **मुख्य बिंदु :**

- **आयोजन स्थल : दादिया (जयपुर)**
- **आयोजन तिथि : 17 जुलाई, 2025**
- **मुख्य अतिथि : अमित शाह।**

**प्रमुख कार्यक्रम :**

- **अन्न भंडारण योजना में बने 24 गोदामों तथा 64 मिलेट्स आउटलेट्स का वर्चुअल लोकार्पण किया।**
- **श्वेत क्रांति 2.0 PDCS ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्लेटफॉर्म लॉन्च।**
- **गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 1400 लाभार्थियों को करीब 12 करोड़ का लोन व दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों को 2346 माइक्रो ATM वितरित किए गए।**
- **सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को सांकेतिक चेक व प्रमाण-पत्र तथा युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे।**
- **जिला स्तरीय रोजगार उत्सव में 8 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए।**
- **पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े की सफलता पर आधारित लक्ष्य-पथ-प्रण-अंत्योदय पुस्तक का विमोचन ।**
- **सहकारिता विभाग की उपलब्धियों पर प्रदर्शनी आयोजित की गई।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# रणथंभौर टाइगर रिज़र्व

## ➲ चर्चा में क्यों?

- **हाल ही में, भारत सरकार दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर भारतमाला परियोजना के तहत पहला बड़ा पशु ओवरपास बना रही है।**




## ➲ मुख्य बिंदु :

- **यह ओवरपास रणथंभौर टाइगर रिज़र्व के बफर ज़ोन में वन्यजीवों के सुरक्षित आवागमन के लिए बनाया गया है।**
- **ओवरपास पर वनस्पति और ध्वनि अवरोधक लगाए गए हैं ताकि शोर प्रदूषण कम हो सके।**
- **इससे वाहन की आवाज़ जानवरों के स्वाभाविक व्यवहार को प्रभावित नहीं करेगी।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### रणथंभौर टाइगर रिज़र्व (RTR):

- रणथंभौर टाइगर रिज़र्व राजस्थान के सवाई माधोपुर ज़िले में स्थित है।
- यह रिज़र्व अरावली और विंध्य पर्वत श्रृंखलाओं के बीच फैला हुआ है।
- RTR में रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान, सवाई माधोपुर अभयारण्य, केलादेवी अभयारण्य और राष्ट्रीय चंबल घड़ियाल अभयारण्य शामिल हैं।
- इसका नाम ऐतिहासिक रणथंभौर किले के नाम पर रखा गया है।
- यह किला रिज़र्व क्षेत्र में स्थित एक यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल है।
- RTR के उत्तर में बनास नदी और दक्षिण में चंबल नदी बहती हैं।
- रिज़र्व क्षेत्र में पद्म तालाब, राज बाग तालाब और मलिक तालाब जैसी प्रमुख झीलें हैं।
- यहाँ की वनस्पति में शुष्क पर्णपाती वन और उष्णकटिबंधीय कांटेदार झाड़ियाँ प्रमुख हैं।
- प्रमुख जीवों में रॉयल बंगाल टाइगर, तेंदुआ, कैराकल, सांभर, चीतल, चिंकारा और जंगली सूअर शामिल हैं।
- पक्षियों में सारस क्रेन, सर्पेंट ईगल और पेंटेड स्परफाउल जैसी प्रजातियाँ पाई जाती हैं।
- 2023 की बाघ गणना के अनुसार, RTR में 71 बाघ और उनके शावक हैं।
- यह कॉर्बेट और काज़ीरंगा के बाद भारत का तीसरा सबसे अधिक बाघ घनत्व वाला रिज़र्व है।
- क्षेत्र की प्रमुख वनस्पति धोक वृक्ष है। तथा अन्य महत्वपूर्ण वृक्षों में बबूल, गुर्जन, गोंद और खैर शामिल हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स (राजस्थान)

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **राष्ट्रीय कृषि वैज्ञानिक पुरस्कार 2025**<br><br>♦ 16 जुलाई, 2025 को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) के 97वें स्थापना दिवस समारोह में, जोधपुर स्थित केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान (काजरी) के एकीकृत कृषि प्रणाली प्रभाग के विभागाध्यक्ष एवं प्रधान वैज्ञानिक डॉ. धीरज सिंह को राष्ट्रीय कृषि वैज्ञानिक पुरस्कार-2025 से प्रदान किया गया।<br>♦ यह पुरस्कार कृषि क्षेत्र में अनुसंधान और विस्तार(नवाचार और प्रौद्योगिकी)कार्य में अतुल्य योगदान के लिए प्रदान किया गया। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार 2024-25

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **17 जुलाई, 2025 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आवास और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय समारोह में शहरी स्वच्छता के लिए स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 पुरस्कार प्रदान किए।**





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## मुख्य बिंदु :

- स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25, दुनिया का सबसे बड़ा शहरी स्वच्छता सर्वेक्षण है। और स्वच्छ भारत मिशन-शहरी (SBM-U) का एक प्रमुख हिस्सा है।
- इस वर्ष पुरस्कार चार मुख्य श्रेणियों में प्रदान किए गए- सुपर स्वच्छ लीग (SSL) शहर, पांच अलग-अलग जनसंख्या श्रेणियों में शीर्ष तीन स्वच्छ शहर, विशेष श्रेणियां जैसे गंगा टाउन, कैंटोनमेंट बोर्ड, सफाई मित्र सुरक्षा और महाकुंभ तथा राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के उभरते स्वच्छ शहरों के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार शामिल हैं।
- इस समारोह के दौरान कुल 78 पुरस्कार प्रदान किए गए।
- स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में 10 मापदंडों और 54 संकेतकों पर आधारित एक संरचित, तकनीक-संचालित कार्य प्रणाली अपनाई है।
- पहली बार, शहरों को अधिक निष्पक्ष मूल्यांकन के लिए पांच जनसंख्या आधारित श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है- जिनमें बहुत छोटे शहर (20,000 से कम जनसंख्या), छोटे शहर (20,000-50,000), मध्यम शहर (50,000-3 लाख), बड़े शहर (3-10 लाख), और दस लाख से अधिक जनसंख्या वाले शहर शामिल हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **पुरस्कार :**

| सुपर स्वच्छ लीग में टॉप | | स्वच्छ शहर श्रेणी में टॉप | |
|---|---|---|---|
| 10 लाख से अधिक | 3-10 लाख | 10 लाख से अधिक | 3-10 लाख |
| 1. इंदौर | 1. नोएडा | 1.अहमदाबाद | 1.मीरा भायंदर (महाराष्ट्र) |
| 2. सूरत | 2. चंडीगढ़ | 2. भोपाल | 2. बिलासपुर (छत्तीसगढ) |
| 3. नवी मुंबई | 3. मैसूर | 3. लखनऊ | 3. जमशेदपुर |
| 4. विजयवाड़ा | 4. उज्जैन | | |

- **34 प्रॉमिसिंग स्वच्छ शहर :** 'वन सिटी, वन अवॉर्ड' नीति के तहत हर राज्य और केंद्र शासित क्षेत्रों से एक-एक 34 टॉप शहर को 'प्रॉमिसिंग स्वच्छ शहर' का खिताब मिला है। इसमें पटना, रायपुर, वडोदरा, सोनीपत, ग्वालियर, जयपुर ग्रेटर, भटिण्डा, पिंपरीं चिंचवड़ शामिल हैं।

- **बेस्ट गंगा टाउन :** प्रयागराज को 'सर्वश्रेष्ठ गंगा टाउन' घोषित किया गया।

- **सबसे स्वच्छ छावनी क्षेत्र :** सिकंदराबाद छावनी बोर्ड को सबसे स्वच्छ छावनी क्षेत्र चुना गया।

- **श्रेष्ठ सफाई मित्र सुरक्षित शहर :** विशाखापत्तनम को श्रेष्ठ सफाई मित्र सुरक्षित शहर का खिताब दिया गया है।


- **महाकुम्भ को स्पेशल अवॉर्ड :** उत्तर प्रदेश सरकार, प्रयागराज मेला अधिकारी और नगर निगम को महाकुम्भ 2024 के दौरान शानदार कचरा प्रबंधन के लिए विशेष पुरस्कार दिया गया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

### संचार उपग्रह ड्रोर-1 (Dror-1)

➲ **चर्चा में क्यों?**



- **13 जुलाई 2025 को, इज़राइल ने स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट की सहायता से अमेरिका के केप कैनावेरल से अब तक के सबसे उन्नत संचार उपग्रह 'ड्रोर-1' संचार उपग्रह का सफल प्रक्षेपण किया।**

➲ **मुख्य बिंदु :**

- **उद्देश्य : यह उपग्रह अगले 15 साल तक सैन्य, सरकारी और नागरिक उपयोग के लिए सुरक्षित संचार सेवाएँ प्रदान करेगा।**
- **उपग्रह का विकास : इज़राइल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज (IAI)।**
- **यह इज़राइल का सबसे उन्नत संचार उपग्रह है।**
- **ड्रोर-1 की प्रमुख विशेषताएँ**
  - **प्रमुख एंटेना : दो (प्रत्येक 2.8 मीटर चौड़े) – अब तक के सबसे बड़े इज़राइली उपग्रह एंटेना से लेस, जो बड़े क्षेत्र में तेज़ और उच्च डेटा ट्रांसमिशन की सुविधा प्रदान करेगा।**
  - **प्रक्षेपण कक्षा : यह उपग्रह पृथ्वी की सतह से लगभग 36,000 किलोमीटर की भूस्थैतिक कक्षा में स्थापित किया जाएगा।**

UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :

### इज़राइल का अंतरिक्ष कार्यक्रम

- **शुरुआत :** वर्ष 1988 में ओफेक-1 से हुई।
- Dror-1 इस श्रृंखला की नवीनतम कड़ी है।

UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# आकाश प्राइम मिसाइल

## ➲ चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, स्वदेशी रेडियो फ्रिक्वेंसी सीकर युक्त आकाश प्राइम मिसाइल का लद्दाख में उच्च ऊँचाई पर सफल परीक्षण किया गया।



## ➲ मुख्य बिंदु :

- आकाश प्राइम मिसाइल का लद्दाख में सफल परीक्षण हुआ, जो उच्च ऊँचाई वाले क्षेत्रों के लिए डिज़ाइन की गई है।
- यह मिसाइल हवाई उच्च गति मानवरहित लक्ष्यों को सटीकता से नष्ट करने में सक्षम है।
- मूल आकाश मिसाइल की सीमा 27–30 किमी और ऊँचाई 18 किमी तक है।
- आकाश प्राइम में स्वदेशी सक्रिय रेडियो फ्रीक्वेंसी सीकर जोड़ा गया है, जिससे सटीकता बढ़ी है।
- यह प्रणाली 4,500 मीटर से अधिक ऊँचाई पर संचालन के लिए सक्षम बनाई गई है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- 1980 के दशक में, आकाश मिसाइल का विकास डीआरडीओ ने शुरू किया था।
- इसके प्रारंभिक परीक्षण 1990 और 2000 के दशक में हुए थे।
- “आकाश” नाम संस्कृत शब्द से लिया गया है, जो हवा में प्रतिरोध का प्रतीक है।
- इसे महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा हेतु बनाया गया है।
- यह प्रणाली एक साथ कई लक्ष्यों पर हमला कर सकती है।
- इसमें ईसीसीएम (इलेक्ट्रॉनिक काउंटर-काउंटर मेज़र्स) जैसी सुविधाएँ शामिल हैं।
- ये तकनीकें डिटेक्शन सिस्टम को धोखा देने वाली प्रणालियों से सुरक्षा प्रदान करती हैं।

UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पृथ्वी-2 और अग्नि-1 मिसाइलें

## ➲ चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, भारत ने अपने दोहरे शक्ति प्रदर्शन में पृथ्वी-2 और अग्नि-1 बैलिस्टिक मिसाइलों का सफल परीक्षण किया।



## ➲ मुख्य बिंदु :

- अग्नि-1 का परीक्षण ओडिशा के अब्दुल कलाम द्वीप से किया गया।
- पृथ्वी-2 का परीक्षण बाद में चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज के लॉन्च पैड-3 से हुआ।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## पृथ्वी-2 और अग्नि-1 मिसाइल:

| पृथ्वी-2 | अग्नि-1 |
|---|---|
| ■ पृथ्वी-2 एक सतह से सतह पर मार करने वाली कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल है।<br>■ इसकी मारक क्षमता लगभग 250–350 किलोमीटर है।<br>■ यह मिसाइल पारंपरिक और परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम है।<br>■ इसमें लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम का प्रयोग किया गया है।<br>■ मिसाइल उन्नत नेविगेशन सिस्टम से लैस है जो सटीक लक्ष्य भेदन में सहायक है।<br>■ पृथ्वी-2 मिसाइल वर्ष 2003 से भारतीय सेना में शामिल है।<br>■ यह मिसाइल लगभग नौ मीटर लंबी है।<br>■ यह डीआरडीओ द्वारा विकसित की गई पहली स्वदेशी मिसाइल है। | ■ अग्नि-1 एक मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल है।<br>■ इसकी मारक दूरी लगभग 700–900 किलोमीटर है।<br>■ यह पृथ्वी और लंबी दूरी की अग्नि मिसाइलों के बीच की दूरी को भरने के लिए विकसित की गई।<br>■ अग्नि-1 को सड़क और रेल मार्ग दोनों से कहीं भी ले जाया जा सकता है।<br>■ यह 1,000 किलोग्राम तक पेलोड ले जाने में सक्षम है।<br>■ यह मिसाइल परमाणु हथियार ले जाने की क्षमता भी रखती है।<br>■ अग्नि-1 भारत की न्यूनतम निवारक क्षमता का एक प्रमुख हिस्सा है। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## महत्त्वपूर्ण दिवस

## विश्व अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस 2025



➲ **चर्चा में क्यों?**

- प्रतिवर्ष 17 जुलाई को विश्व अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस मनाया जता हैं।

➲ **मुख्य बिंदु :**

- यह दिवस अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्याय को बढ़ावा देने और वैश्विक समुदाय को प्रभावित करने वाले गंभीर अपराधों के लिये दंड से मुक्ति के खिलाफ लड़ाई का सम्मान करने के लिये मनाया जाता हैं।

**उद्देश्य:**

- अंतर्राष्ट्रीय अपराधों के विरुद्ध वैश्विक न्याय स्थापित करना।
- युद्ध पीड़ितों, विस्थापितों और अत्याचार झेलने वालों को न्याय दिलाना।
- मानवाधिकारों की सुरक्षा और विधिक संस्थाओं को मजबूत बनाना।
- दोषियों की जवाबदेही सुनिश्चित कर शांति और स्थिरता को बढ़ावा देना।

**इतिहास:**

- 17 जुलाई 1998 को रोम में "रोम संविधि" को अपनाया गया, जिससे ICC की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हुआ।
- 2010 में युगांडा के कंपाला में यह निर्णय लिया गया कि 17 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस के रूप में मनाया जाएगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (ICC):

- विश्व का पहला स्थायी, स्वतंत्र और अंतर्राष्ट्रीय न्यायाधिकरण।
- यह चार गंभीर अपराधों की सुनवाई करता है: नरसंहार, युद्ध अपराध, मानवता के विरुद्ध अपराध, और आक्रामकता से संबंधित अपराध।
- इसका मुख्यालय हेग, नीदरलैंड्स में है; कार्य प्रारंभ जुलाई 2002 से हुआ।

### भारत की स्थिति:

- भारत ने रोम संविधि पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं, इसलिए वह ICC का सदस्य नहीं है।
- भारत का तर्क है कि ICC की कुछ धाराएं उसकी राष्ट्रीय संप्रभुता, सैन्य कार्रवाइयों और आंतरिक सुरक्षा में बाधा बन सकती हैं।
- भारत को यह भी आशंका है कि ICC पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के वीटोयुक्त देशों का प्रभाव, न्याय की निष्पक्षता को प्रभावित कर सकता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# चर्चित व्यक्तित्व

## संजय कौल



### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, 2001 बैच के केरल कैडर के आईएएस अधिकारी संजय कौल को GIFT सिटी कंपनी लिमिटेड, गांधीनगर के नए MD और CEO के रूप में नियुक्त किया गया है।

### मुख्य बिंदु :

- फिलहाल यह भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय में संयुक्त सचिव के रूप में कार्यरत हैं, जहाँ वे अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक मामलों, यूनेस्को, अमूर्त सांस्कृतिक विरासत और सांस्कृतिक संस्थानों से जुड़े कार्य देख रहे हैं।
- उन्हें प्रशासनिक क्षेत्र में व्यापक अनुभव है; वे पहले गुजरात पर्यटन निगम लिमिटेड और गुजरात इंफॉर्मेटिक्स लिमिटेड के MD रह चुके हैं।
- GIFT सिटी, भारत की पहली अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवाओं पर केंद्रित स्मार्ट सिटी है, जहाँ वे CEO के रूप में इसके प्रबंधन और विकास की जिम्मेदारी संभालेंगे।
- गुजरात सामान्य प्रशासन विभाग (GAD) ने इस संबंध में आधिकारिक अधिसूचना जारी की है। वर्तमान CEO तपन रे, संजय कौल के पदभार ग्रहण करने तक अपने पद पर बने रहेंगे।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# चर्चित स्थान

## चर्चा में रहा देश - एस्वातिनी

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **हाल ही में, संयुक्त राज्य अमेरिका ने गंभीर अपराधों में दोषी पाए गए पांच विदेशी नागरिकों को अफ्रीकी महाद्वीप के अंतिम राजतंत्रीय देश एस्वातिनी निर्वासित कर दिया।**





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

➲ **मुख्य बिंदु :**

- **इन निर्वासितों में वियतनाम, जमैका, क्यूबा, यमन और लाओस के नागरिक शामिल हैं। उनके मूल देश उन्हें वापस लेने को तैयार नहीं थे, जिसके कारण उन्हें एक तीसरे देश के निर्वासन समझौते के तहत एस्वातिनी भेजा गया।**
- **यह निर्वासन अमेरिका की उस व्यापक रणनीति का हिस्सा है, जिसे राष्ट्रपति ट्रंप के शासनकाल में तीसरे देशों में निर्वासन को बढ़ावा देने के लिए अपनाया गया था। जुलाई, 2025 में ही अमेरिका ने आठ निर्वासितों को दक्षिण सूडान भेजा, जिनमें से केवल एक ही व्यक्ति उस देश का नागरिक था।**

**एस्वातिनी के बारे में:**

- **एस्वातिनी एक स्थल-रुद्ध (Landlocked) देश है, जो दक्षिण अफ्रीका और मोज़ाम्बिक से घिरा है।**
- **वर्ष 1968 में ब्रिटिश शासन से आज़ाद होने वाले एस्वातिनी को पूर्व में स्वाज़ीलैंड के नाम से जाना जाता था।**
- **वर्ष 2018 में इसने अपना नाम बदलकर एस्वातिनी कर दिया।**
- **यह विश्व के कुछ चुनिंदा देशों में से एक और अफ्रीका में एकमात्र ऐसा देश है, जहां पूर्ण राजतंत्रात्मक शासन व्यवस्था है।**
- **किंग मस्वाती III, जो वर्ष 1986 से सत्ता में हैं, सरकार की सभी कार्यप्रणालियों पर पूर्ण नियंत्रण रखते हैं।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **यहाँ राजनीतिक दलों को चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं है, और जो व्यक्ति सार्वजनिक पदों के लिए खड़े होते हैं, उन्हें परंपरागत नेताओं की स्वीकृति लेनी होती है।**
- **अपने छोटे आकार के बावजूद, एस्वातिनी को गहरी सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। विश्व बैंक के अनुसार, यहाँ की 1.2 मिलियन की आबादी में से आधे से अधिक लोग प्रतिदिन 4 डॉलर से भी कम पर गुज़ारा करते हैं।**
- **यह देश दुनिया में एचआईवी संक्रमण की सबसे उच्च दर वाला देश है, जहाँ लगभग 26 प्रतिशत वयस्क इस वायरस से संक्रमित हैं।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **दक्षिण एशिया का रिकॉर्ड टीकाकरण कवरेज : यूनिसेफ**<br>♦ 15 जुलाई, 2025 को विश्व स्वास्थ्य संगठन (who) और यूनिसेफ द्वारा वर्ष 2024 के लिए जारी किए गए नए आंकड़ों के अनुसार, दक्षिण एशिया ने बच्चों के लिए अब तक का सर्वोच्च टीकाकरण कवरेज हासिल कर लिया है, जिसमें भारत और नेपाल में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।<br>♦ पूरे क्षेत्र में शून्य खुराक वाले बच्चों की संख्या में भी 27 प्रतिशत की गिरावट आई है।<br>♦ किशोर लड़कियों के लिए HPV टीकाकरण कवरेज 2023 में 2 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 9 प्रतिशत हो गया। बांग्लादेश ने 2023 में अपने कार्यक्रम को लॉन्च करने के बाद से 7.1 मिलियन से अधिक लड़कियों का टीकाकरण करके महत्वपूर्ण प्रगति की।<br>♦ भारत में जीरो डोज वाले बच्चे 43 प्रतिशत कम हुए।<br>♦ पाकिस्तान ने भी DTP (डिप्थीरिया, टेटनस, पर्टुसिस) का अब तक का सर्वोच्च 87 प्रतिशत कवरेज दर्ज किया। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**2.**

## मितामा मास्तूरी महोत्सव



- हाल ही में, टोक्यो स्थित यासुकुनी तीर्थ में मितामा मात्सूरी महोत्सव को मनाया गया।
- यह उत्सव जापान की राजधानी टोक्यो का सबसे विशिष्ट और विशाल ग्रीष्मकालीन पर्व माना जाता है।
- इस महोत्सव की खासियत इसकी रंग-बिरंगी सजावट और रोशनी से जगमगाती रातें हैं, जो इसे जीवंत बना देती हैं।
- हजारों पीली रोशनी से दमकती लालटेनें वातावरण में एक आध्यात्मिक और सांस्कृतिक सौंदर्य भर देती हैं।
- यह उत्सव सामूहिक उत्साह, श्रद्धा और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक बन चुका है।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR